आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 28.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान 'नारी सम्मान, लोकतंत्र में अधिकार' विषय पर सदन की कार्यवाही शुरू।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में आयोजित विभागीय बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
- हरिद्वार में नव नियुक्त पुलिस जवानों का प्रशिक्षण शुरू। पुलिस जवानों को शारीरिक दक्षता, कानून व्यवस्था और मॉडर्न पुलिसिंग से जुड़े विविध पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।
- उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बागेश्वर जिले के छात्र–छात्राओं को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सम्मानित किया।

राज्य विधानसभा

राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान 'नारी सम्मान, लोकतंत्र में अधिकार' विषय पर आज सदन की कार्यवाही शुरू हो गई है। सदन में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम सदन में लाया गया। ये ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अगले लोकसभा चुनाव में देश की आधी आबादी को पूरा हक देने का निर्णायक प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने मिलकर इसे पारित नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने इस अधिनियम का विरोध इसलिए किया कि अगर महिलाओं को आरक्षण मिल जाता, तो इसका श्रेय भी मोदी सरकार को मिल जाता। जबकि श्री मोदी ने संसद में ये स्पष्ट किया था कि वे इसका श्रेय विपक्ष को भी देने को तैयार थे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में श्री मोदी ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही नारी सशक्तिकरण की दिशा में प्राथमिकता से काम करना प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति को नए भारत के निर्माण का आधार मानते हुए उन्हें सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए। इस बीच, सदन की कार्यवाही जारी है।

कृषि मंत्री समीक्षा

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में आयोजित विभागीय बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने छत पर बागवानी को बढ़ावा देने के लिए अन्य राज्यों के सफल मॉडलों का अध्ययन करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही एप्पल मिशन के अंतर्गत सत्यापन की प्रक्रिया को भी शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

कृषि मंत्री ने प्रदेश में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा राशि उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने पॉलीहाउस निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा समयबद्ध तरीके से तैयार करने के आदेश दिए। उन्होंने आगामी मई माह के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित 'विकसित कृषि संकल्प यात्रा– खरीफ' के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने को कहा।

ऑपरेशन प्रहार

प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए उत्तराखंड पुलिस की ओर से पिछले लगभग डेढ़ महीने से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक, नगर प्रमोद कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत आए दिन होने वाली रोडरेज से जुड़ी घटनाओं, नशे से संबंधित मामलों और छात्रों के गुटों के बीच होने वाले झगड़ों पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न थानों की टीमों को एकत्रित कर घटनास्थलों पर भेजा जा रहा है। साथ ही वाहनों की लगातार सघन चेकिंग भी की जा रही है। इसके अलावा बार, पब और क्लबों की समय सीमा को लेकर भी नियमित जांच की जा रही है।

हेमकुंड यात्रा मार्ग

चमोली जिले में हेमकुण्ड साहिब यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए भारतीय सेना के जवानों द्वारा यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सेना के जवान लगातार मार्ग को साफ कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेना के इस सराहनीय प्रयास से यात्रा मार्ग को शीघ्र ही पूरी तरह सुचारु कर दिया जाएगा। चमोली जिला प्रशासन भी यात्रा से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। गौरतलब है कि आगामी 23 मई को हेमकुण्ड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। इसके मद्देनजर संबंधित विभागों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं और यात्रा को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए सभी स्तरों पर समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

पुलिस प्रशिक्षण

हरिद्वार जिले में नव नियुक्त पुलिस जवानों की प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस जवानों को शारीरिक दक्षता, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और मॉडर्न पुलिसिंग से जुड़े विविध पहलुओं की गहन जानकारी दी जाएगी, ताकि वे भविष्य में अपनी ड्यूटी का जिम्मेदारी और कुशलता के साथ निर्वहन कर सकें।

इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि प्रशिक्षण की प्रक्रिया कठिन है, इसलिए सभी प्रशिक्षुओं को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग एक अनुशासित और मर्यादित बल है, जिसकी गरिमा बनाए रखना हर पुलिस जवान का कर्तव्य है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को नौ महीने तक चलने वाले कठोर व गहन प्रशिक्षण को पूरी निष्ठा समर्पण और अनुशासन के साथ पूर्ण करने की सलाह दी।

प्रशिक्षण शुरू होने से पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 211 नवनियुक्त जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका स्वागत किया।

<u>मेधावी छात्र सम्मान</u>

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बागेश्वर जिले के छात्र–छात्राओं को जिला सभागार में आयोजित एक सम्मान समारोह में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्रों से कहा कि मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ ही समाचार पत्र पढ़ने और सम सामयिकी पर ध्यान देने की सलाह भी दी।

*2 बाइट– आकांक्षा कोंडे 35 से.*

इस अवसर पर 12वीं कक्षा की टॉपर छात्रा गीतिका पंत ने कहा कि उन्होंने नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया।

<u>संवाद कार्यक्रम</u>

पौड़ी जिले में ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से पौड़ी में प्रशिक्षण सह–सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों और प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। इनमें पंचायतों को अधिक वित्तीय अधिकार प्रदान करने, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री मदन कौशिक ने ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद स्थापित कर विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गांव, विकास की मूल इकाई है और राज्य की प्रगति का आधार ग्रामीण क्षेत्र ही हैं। उन्होंने पंचायतों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी सुनिश्चित होगा जब ग्राम स्तर पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन हो। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता, साक्षरता और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक अभियानों को ग्राम स्तर पर जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाएं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखें।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान 'नारी सम्मान, लोकतंत्र में अधिकार' विषय पर सदन की कार्यवाही शुरू।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में आयोजित विभागीय बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
- हरिद्वार में नव नियुक्त पुलिस जवानों का प्रशिक्षण शुरू। पुलिस जवानों को शारीरिक दक्षता, कानून व्यवस्था और मॉडर्न पुलिसिंग से जुड़े विविध पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।
- और, उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बागेश्वर जिले के छात्र–छात्राओं को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सम्मानित किया।